SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

कक्षा - 10

लोकतांत्रिक राजनीति - 2

अध्याय - 5

लोकतंत्र के परिणाम
Outcomes of Democracy

भाग - 1

प्रीतेश जोशी

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था वास्तविक रूप से किस प्रकार के परिणाम देती है, यह एक मूल्यांकन का विषय है।
- यह भी महत्वपूर्ण प्रश्न है कि विभिन्न मामलों में लोकतंत्र से कैसे परिणाम की अपेक्षा रहती है और वास्तविक धरातल पर क्या परिणाम सामने आते हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- इसके लिए लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं मसलन, शासन के स्वरूप, आर्थिक कल्याण, समानता, सामाजिक अंतर और टकराव तथा आखिर में आज़ादी और स्वाभिमान जैसे मामलों पर गौर करना आवश्यक हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- इस प्रश्न के उत्तर में सकारात्मक परिणाम अधिक हैं।
- लेकिन इन परिणामों के साथ कई सवाल और शंकाएँ भी जुड़ी हुई हैं।

ये सवाल और आशंकाएँ हमें लोकतंत्र के सामने खड़ी चुनौतियों पर सोचने के लिए प्रेरित करती है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



लोकतंत्र के परिणामों का मूल्यांकन

❖ लोकतंत्र शासन की सभी अन्य व्यवस्थाओं से बेहतर है।

तानाशाही और अन्य शासन व्यवस्थाएँ ज़्यादा दोषपूर्ण हैं।

सामान्यतः लोकतंत्र को सबसे बेहतर बताया जाता रहा है क्योंकि यह-

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- ⇨ नागरिकों में समानता को बढ़ावा देता है;
- ⇨ व्यक्ति की गरिमा को बढ़ाता है;
- ⇨ इससे फ़ैसलों में बेहतरी आती है;
- ⇨ टकरावों को टालने-सँभालने का तरीका देता है; और
- ⇨ इसमें गलतियों को सुधारने की गुंजाइश भी होती है।

क्या उपरोक्त सभी अपेक्षाएं लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाओं से पूरा होती हैं?

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- जनता की आम राय की बात करें तो पाएँगे कि अधिकांश लोग अन्य किसी भी वैकल्पिक शासन व्यवस्था की तुलना में लोकतंत्र को पसंद करते हैं।

लेकिन लोकतांत्रिक शासन के कामकाज से संतुष्ट होने वाले लोगों की संख्या उतनी बड़ी नहीं होती।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

लोकतंत्र ✓
शासन ✗



- परिणामत: यह एक दुविधा की स्थिति हैं: सैद्धांतिक रूप में तो लोकतंत्र को अच्छा माना जाता है पर व्यवहार में इसे इतना अच्छा नहीं माना जाता।
- इस दुविधा के चलते लोकतंत्र के नतीजों पर ज़्यादा गहराई से विचार करना ज़रूरी हो जाता है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- क्या सिर्फ़ नैतिक कारणों से ही लोकतंत्र को पसंद किया जाता है?
- या फिर, लोकतंत्र के समर्थन के पीछे कुछ युक्तिपरक कारण भी हैं?
- आज दुनिया के सौ देश किसी न किसी तरह की लोकतांत्रिक व्यवस्था चलाने का दावा करते हैं।

इनका औपचारिक संविधान है,

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

इनके यहाँ चुनाव होते हैं और राजनीतिक दल भी हैं।

साथ ही, वे अपने नागरिकों को कुछ बुनियादी अधिकारों की गारंटी देते हैं।

- लोकतंत्र के ये तत्व तो अधिकांश देशों में समान हैं परन्तु सामाजिक स्थिति, अपनी आर्थिक उपलब्धि और अपनी संस्कृतियों के मामले में ये देश एक-दूसरे से काफ़ी अलग-अलग हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

लोकतंत्र के परिणाम



बेहतर → 100 देश

- अमेरिका
- श्रीलंका

1. गरिमा
2. गलतियों
3. अधिकार
5. समानता

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- स्पष्ट है कि इन सबका लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के नतीजों पर भी असर पड़ता है और एक जगह जो उपलब्धि हो वह दूसरी जगह भी उसी तरह दिखे यह ज़रूरी नहीं है।
- लेकिन क्या कोई ऐसी बुनियादी चीज़ है जिसकी उम्मीद हम हर लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था से की जा सकती है?

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- कई बार हम लोकतंत्र को हर समस्या का समाधान मान लेते हैं और उससे हर चीज़ की उम्मीद करने लगते हैं।
- लोकतंत्र के प्रति अपनी रूचि और लगाव के चलते अक्सर यह कहा जाता है कि लोकतंत्र सभी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समस्याओं का समाधान कर सकता है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- परन्तु जब आम जनता की कुछ उम्मीदें पूरी नहीं होतीं तो लोकतंत्र की अवधारणा को ही सभी दोष भी देने लग जाते हैं। फिर यह संदेह किया जाने लगता है कि क्या हम वास्तव में लोकतांत्रिक व्यवस्था में ही रह रहे हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

शासन = लोकतंत्र ≠ समाधान

- लोकतंत्र के परिणामों के बारे में सावधानीपूर्वक विचार करने की दिशा में पहला कदम यही है कि हम सर्वप्रथम यह मानें कि लोकतंत्र शासन का एक स्वरूप मात्र ही है।
- यह कुछ लक्ष्यों को हासिल करने की स्थितियाँ तो बना सकता है पर नागरिकों को ही उन स्थितियों का लाभ लेकर अपने लक्ष्यों को हासिल करना होता है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- साथ ही यह भी सत्य है कि लोकतंत्र का उन अनेक चीज़ों से ज़्यादा सरोकार नहीं होता जिनको हम बहुत मूल्यवान मानते हैं। लोकतंत्र हमारी सभी सामाजिक बुराइयों को मिटा देने वाली जादू की छड़ी भी नहीं है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

समाधान

Q.

- परन्तु कुछ ऐसी सामान्य अपेक्षाएं सदैव हर लोकतांत्रिक व्यवस्था से की जा सकती है जो इस प्रकार हैं –

1. उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध शासन
2. आर्थिक संवृद्धि और विकास
3. असमानता और गरीबी में कमी
4. सामाजिक विविधताओं में सामंजस्य
5. नागरिकों की गरिमा और आजादी

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध शासन

- ये कुछ आवश्यक बिन्दु हैं जिन्हें लोकतंत्र को पूरा करना ही चाहिए।

लोकतंत्र में सबसे बड़ी चिंता यह होती है कि लोगों का अपना शासक चुनने का अधिकार और शासकों पर नियंत्रण बरकरार रहे।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- वक्त-ज़रूरत और यथासंभव इन चीज़ों के लिए लोगों को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी करने में सक्षम होना चाहिए ताकि लोगों के प्रति ज़िम्मेवार सरकार बन सके और सरकार लोगों की ज़रूरतों और उम्मीदों पर ध्यान दे।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

लोकतंत्र सरकार

(कुछ) अप्रभावी

- सवाल यह भी है कि क्या लोकतांत्रिक सरकार कार्यकुशल होती है?
- क्या यह प्रभावी होती है?
- कुछ लोगों का मानना है कि लोकतंत्र में कम प्रभावी सरकारें बनती हैं।
- निश्चित रूप से यह सही है कि अलोकतांत्रिक सरकारों को विधायिका का सामना नहीं करना होता।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

समानता

उन्हें बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक नज़रिए का ख्याल नहीं रखना पड़ता।

- परन्तु लोकतंत्र में बातचीत और मोलतोल के आधार पर काम चलता है।
- लोकतांत्रिक सरकार सारी प्रक्रिया को पूरा करने में ज़्यादा समय ले सकती है।

लेकिन इसने पूरी प्रक्रिया को माना है इसलिए इस बात की ज़्यादा संभावना है कि लोग उसके फ़ैसलों को मानेंगे और वे ज़्यादा प्रभावी होंगे।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

इस प्रकार लोकतंत्र में फ़ैसला लेने में जो वक्त लगता है वह बेकार नहीं जाता।

दूसरा पहलू :- लोकतंत्र में इस बात की पक्की व्यवस्था होती है कि फ़ैसले कुछ कायदे-कानून के अनुसार होंगे और अगर कोई नागरिक यह जानना चाहे कि फ़ैसले लेने में नियमों का पालन हुआ है या नहीं तो वह इसका पता कर सकता है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST



- नागरिक को न सिर्फ़ यह जानने का अधिकार है बल्कि उसके पास इसके लिए साधन भी उपलब्ध होते हैं।
- इसे पारदर्शिता कहते हैं।
- यह चीज़ अक्सर गैर-लोकतांत्रिक सरकारों में नहीं होती इसलिए जब हम लोकतंत्र के परिणामों पर गौर कर रहे हैं तो यह उम्मीद करना उचित है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसी सरकार का गठन होगा जो

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

कायदे-कानून को मानेगी और लोगों के प्रति जवाबदेह होगी।

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था से यह भी उम्मीद की जा सकती है कि लोकतांत्रिक सरकार नागरिकों को निर्णय प्रक्रिया में हिस्सेदार बनाने और खुद को उनके प्रति जवाबदेह बनाने वाली कार्यविधि भी विकसित कर लेती है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



❖ जैसे – नियमित और निष्पक्ष चुनाव करवाने, प्रमुख नीतियों और नए कानूनों पर खुली सार्वजनिक चर्चा करवाना और सरकार तथा इसके कामकाज के बारे में जानकारी पाने के लिए नागरिकों को सूचना का अधिकार प्रदान करना।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

तानाशाह ×

= तिभाग → feedback फीडबैक



- उपरोक्त पैमानों पर विभिन्न लोकतांत्रिक शासकों का रिकॉर्ड मिला-जुला रहा है।
- नियमित और निष्पक्ष चुनाव कराने और खुली सार्वजनिक चर्चा के लिए उपयुक्त स्थितियाँ बनाने के मामले में लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ ज़्यादा सफल हुई हैं।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- पर ऐसे चुनाव कराने में जिसमें सबको अवसर मिले अथवा हर फैसले पर सार्वजनिक बहस कराने के मामले में इन लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का रिकॉर्ड ज़्यादा अच्छा नहीं रहा है।
- नागरिकों के साथ सूचनाओं को साझा करने के मामले में भी इन लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं अथवा शासकों का रिकॉर्ड खराब रहा है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- एक व्यापक धरातल पर लोकतांत्रिक सरकारों से यह उम्मीद की जाती है कि वे लोगों की ज़रूरतों और मांगो का ध्यान रखने वाली हों और कुल मिलाकर भ्रष्टाचार से मुक्त शासन दें।

इन दो मामलों में भी लोकतांत्रिक सरकारों का रिकॉर्ड प्रभावशाली नहीं है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ अक्सर लोगों को उनकी मांगों के लिए परेशान करती हैं और आबादी के एक बड़े हिस्से की माँगों की उपेक्षा करती हैं।
- भ्रष्टाचार के आम किस्से इस बात का प्रमाण हैं कि लोकतांत्रिक व्यवस्था इस बुराई से भी मुक्त नहीं है।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

- बहरहाल, एक मामले में लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था निश्चित रूप से अन्य शासनों से बेहतर है : यह है वैध शासन व्यवस्था।
- यह सुस्त हो सकती है,
- कम कार्य-कुशल हो सकती है,
- इसमें भ्रष्टाचार हो सकता है,
- यह लोगों की जरूरतों की कुछ हद तक अनदेखी कर सकती है,

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



- लेकिन लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था लोगों की अपनी शासन व्यवस्था है।
- इसी कारण पूरी दुनिया में लोकतंत्र के विचार के प्रति ज़बरदस्त समर्थन का भाव पाया जाता है।
- दक्षिण एशिया के प्रमाणों से यह जाहिर होता है कि यह जनसमर्थन लोकतांत्रिक शासन वाले मुल्कों में तो है ही परन्तु यह उन देशों में भी देखने को मिलता है

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER



SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST



जहाँ लोकतांत्रिक सरकारें नहीं हैं, लोग अपने द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का शासन चाहते हैं।

वे यह भी मानते हैं कि लोकतंत्र उनके देश के लिए उपयुक्त है।

अपने लिए समर्थन पैदा करने की लोकतंत्र की क्षमता भी लोकतंत्र का एक परिणाम ही है और इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती।

SMT. C.M. MUNDHRA
MEMORIAL CHARITABLE TRUST

LET'S LEARN TOGETHER

